भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं 2438

दिनांक 21 मार्च, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए

तिलहन किसानों को सहायता प्रदान करने के लिए आयात शुल्क में वृद्धि

2438 श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने घरेलू तिलहन किसानों को सहायता प्रदान करने के लिए हाल ही में वनस्पति तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाया है;

(ख) यदि हां, तो इन बदलावों का ब्यौरा क्या है और घरेलू तिलहन कीमतों और किसानों की आय पर इनका अपेक्षित प्रभाव क्या है;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान कच्चे और परिष्कृत वनस्पति तेलों की आयात मात्रा, आयात शुल्क और संग्रहित राजस्व के वर्ष-वार आंकड़े क्या हैं; और

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान सोयाबीन और सरसों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), बाजार मूल्य और खरीद के आंकड़े तथा आयात शुल्क बढ़ाए जाने के पश्चात अनुमान क्या हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) और (ख): तिलहन किसानों को सहयोग करने के लिए, कच्चे सोयाबीन तेल, कच्चे पाम तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर मूल सीमा शुल्क 0% से बढ़ाकर 20% कर दिया गया, जिससे कच्चे तेलों पर प्रभावी शुल्क 27.5% हो गया और परिष्कृत पाम तेल, परिष्कृत सूरजमुखी तेल और परिष्कृत सोयाबीन तेल पर मूल सीमा शुल्क 12.5% से बढ़ाकर 32.5% कर दिया गया, जिससे 14 सितंबर 2024 से परिष्कृत तेलों पर प्रभावी शुल्क 35.75% हो गया। ये समायोजन घरेलू तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों का हिस्सा हैं।

(ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान कच्चे और परिष्कृत वनस्पति तेलों के आयात की मात्रा का डेटा (वर्ष-वार तेल) निम्नवत हैं:

प्रमुख कच्चे तेल का आयात

(मात्रा लाख मीट्रिक टन में)

वर्ष (नवम्बर-अक्टूबर)	कच्चा पाम तेल	कच्चा सोयाबीन तेल	कच्चा सूरजमुखी तेल	कच्चा सरसों तेल	कच्चा पाम कर्नेल
2019-20	68.15	33.68	25.26	0.17	0.68
2020-21	74.66	28.91	19.09	0.52	0
2021-22	59.43	41.18	19.92	0	0
2022-23	75.00	37.93	28.87	0.0	0.0
2023-24	70.16	31.41	34.91	0.031	1.02
स्रोत: डीजीसीआईएस					

प्रमुख परिष्कृत तेल का आयात

(मात्रा लाख मीट्रिक टन में)

वर्ष (नवम्बर-अक्टूबर)	आरबीडी पामोलीन	परिष्कृत सोयाबीन	परिष्कृत सूरजमुखी
2019-20	4.3	1.59	0.02
2020-21	8.48	3.73	0.20
2021-22	21.08	1.01	0.11
2022-23	22.95	0.17	0.02
2023-24	18.98	0.25	0.061

स्रोत: डीजीसीआईएस

पिछले पांच वर्षों में कच्चे और परिष्कृत वनस्पति तेलों से एकत्रित राजस्व निम्नवत है:

पिछले पांच वर्षों में कच्चे और परिष्कृत वनस्पति तेलों से एकत्रित राजस्व संबंधी वित्तीय वर्ष-वार आंकड़े (सीटीएच 1507 से 1515)		
क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	एकत्रित राजस्व (रु. में)
1	2019-20	78,27,03,22,616
2	2020-21	1,92,34,12,44,863
3	2021-22	3,15,13,13,24,119
4	2022-23	1,43,85,13,43,662
5	2023-24	1,36,48,66,04,375

स्रोत: सीबीआईसी

प्रमुख खाद्य तेलों के संबंध में पिछले पांच वर्षों की आयात शुल्क दरों का विवरण अनुलग्नक-1 में दिया गया है।

(घ): पिछले पांच वर्षों के दौरान सोयाबीन और सरसों के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) का वर्ष-वार डेटा निम्नवत है:

(प्रति क्विंटल रुपए में)

क्र. सं.	फसलें	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
1	सोयाबीन (पीला)	3880	3950	4300	4600	4892
2	सरसों	4650	5050	5450	5650	5950

स्रोत: डीए एंड एफडब्लू

पिछले पांच वर्षों के दौरान पीएसएस (मूल्य समर्थन योजना) के अंतर्गत एमएसपी पर खरीदी गई सरसों और सोयाबीन का खरीद विवरण निम्नवत है:

वर्ष	सरसों के बीज (खरीदी गई मात्रा (एलएमटी में))	सोयाबीन (खरीदी गई मात्रा (एलएमटी में))
2019-20	8.04	0.11
2020-21	0.00001	0.00004
2021-22	शून्य	शून्य
2022-23	11.14	शून्य
2023-24	12.08	0.07

स्रोत: डीएएंड एएफडब्लू

*****

दिनांक 21.03.2025 को उत्तर दिये जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2438 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक :

पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रमुख खाद्य तेलों पर आयात शुल्क दरों का विवरण निम्नवत है:

कमाडिटी	आयात शुल्क प्रतिशत में	लागू होने की तिथि
कच्चा पाम तेल	30.25	27.11.2020
	35.75	02.02.2021
	30.25	30.06.2021
	24.75	11.09.2021
	8.25	14.10.2021
	5.5	13.02.2022
	27.5	14.09.2024
परिष्कृत पाम तेल	41.25	30.06.2021
	35.75	11.09.2021
	19.25	14.10.2021
	13.75	21.12.2021
	35.75	14.09.2024
कच्चा सूरजमुखी तेल	38.5	02.02.2021
	30.25	20.08.2021
	24.75	11.09.2021
	5.5	14.10.2021
	5.5	14.09.2024
परिष्कृत **सूरजमुखी तेल**	41.25	20.08.2021
	35.75	11.09.2021
	19.25	14.10.2021
	13.75	15.06.2023
	35.75	14.09.2024
सोयाबीन तेल (कच्चा)	38.5	02.02.2021
	30.25	20.08.2021
	24.75	11.09.2021
	5.5	14.10.2021
	5.5	14.09.2024
सोयाबीन तेल (परिष्कृत)	41.25	20.08.2021
	35.75	11.09.2021
	19.25	14.10.2021
	13.75	15.06.2023
	35.75	14.09.2024

स्रोत: सीबीआईसी